<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>ग्राम–मदनापुर में जनजातीय महिलाओं को मशरूम उत्पादन एवं मूल्यवर्धित उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण</u>

पन्तनगर। 4 मार्च 2025। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के आर्थिक सहयोग से विश्वविद्यालय के कृषि संचार विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र, काशीपुर के संयुक्त तत्वावधान में ब्लॉक गदरपुर के मदनापुरगाँव में 'मशरूम आधारित मूल्यवर्धित उत्पादों और उनके विपणन के माध्यम से जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाना' विषय पर दो–दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय महिलाओं को मशरूम उत्पादन की आधुनिक तकनीक एवं मूल्यवर्धित उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराना था, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। प्रशिक्षण में महिलाओं को व्यावहारिक रूप से मशरूम उगाने की विधि, मशरूम से बने विभिन्न उत्पादों का निर्माण, उनके विपणन तथा आय वृद्धि की रणनीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की परियोजना अन्वेषक एवं सहायक प्राध्यापिका, कृषि संचार विभाग डा. अर्पिता शर्मा कांडपाल ने बताया की महिलाओं को मशरूम का उत्पादन कैसे करें, मशरूम के मूल्य वर्धित उत्पाद कैसे बनाये एवम उनकी मार्केटिंग कैसे करें इस विषय की जानकारी कल दी जायेगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार